and the remaining children to be handed over to the Director, Social Welfare Department, Government of West Bengal shortly.

पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र के विषय में स्पष्टीकरण

1731. **डा0 महेश चन्द्र शर्मा** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र के विषय में अमरीकी समाचार पत्रों की अफवाहों का स्पस्टीकरण देना भारत के लिए जरूरी था; और

(ख) क्या वह भारत की सम्प्रभुता में अमरीकी हस्तक्षेप को स्वीकार करना नही है?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सलीम इकबाल शेरवानी) : (क) पाकिस्तान की सीमा के नजदीक पृथ्वी प्रक्षेपास्त्र की तथाकथित तैनाती के बारे में वाशिंगटन पोस्ट में छपी खबरों की सरकार को जानकारी है। सरकार पहले ही कह चुकी है कि ऐसी कहानियों पर टीका-टिप्पणी करके उन्हें महत्व देना सरकार की नीति नही है।

तथापि वाशिंगटन पोस्ट की खबरें भारतीय समाचार पत्रों में भी दोहराई गई थी हालांकि वे मिथ्यापूर्ण और भ्रामक थी।

(ख) अतः 14 जून, 1997 के सरकार के वक्तव्य में यह साफ तौर पर कहा गया था कि पृथ्वी प्रक्षेपास्त्रों की तैनाती नही की गई है। सरकार ने अपनी स्पष्ट नीति को भी दोहराया कि पृथ्वी अथवा इस प्रकार के अन्य मामलों पर निर्णय हमारी स्वतंत्र विदेश नीति के परिप्रेक्ष्य में और हमारी सुरक्षा के आशंकाओं के आधार पर लिया जाएगा।

काला आजार और कुष्ठ रोग का उन्मूलन करने के लिए बिहार में अनुसंधान केन्द्र

1732. **श्री एस.एस. अहलुवालिया** : क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार बिहार में काला आजार एवं कुष्ठ रोग का उन्मूलन करने हेतु कोई बड़ा अस्पताल तथा अनुसंधान केन्द्र खोलने का विचार रखती है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नही, तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती रेणुका चौधरी) : (क) से (ग) जी नही

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के अन्तर्गत राजेन्द्र स्मारक अनुसंधान संस्थान, एक अनुसंधान केन्द्र व अस्पताल पटना में पहले से ही कार्य कर रहा है जिसमें मुख्य जोर काला-आजार पर है। इस समय केन्द्र सरकार का बिहार में काला-आजार के लिए एक बड़े अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र खोलने का कोई प्रस्ताव नही है

राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत घर पर ही उपचार करने की प्रोत्साहित किया जाता है और केवल जटिलताओं और अल्सर से पीडित रोगियों को अस्पताल के अस्थाई वार्डो में दाखिल किया जाता है। बिहार के सभी जिलों में जिला कुष्ठ सोसाइटियां बना दी गई है और सभी कुष्ठ रोगियों के निःशुल्क उपचार के लिए सभी जिला कुष्ठ सोसाइटियों को पर्याप्त निधियां प्रदान की गई है।

राज्य के 17 जिलों में अलग से कुष्ठ के क्षेत्रीय स्टाफ की मंजूरी दी गई है और बिहार के 22 जिलों में सामान्य स्वास्थ्य परिचर्या स्टाफ की सहायता से रोगियों की बहु-औषध चिकित्सा संबंधी सेवाएं प्रदान करने के लिए चल कुष्ठ उपचार केन्द्रों की मंजूरी दी गई है।

Imposition of Heavy Taxes on Tobacclo Products

1733. SHRI JAYANT KUMAR MALHOUTRA; Will the PRIME MINISTER be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Indian Medical As.sociation has urged Government to impose heavy taxes on tobacco products to raise money for the tobacco control programme;

(b) if so, the reaction of Government thereto; and

(c) the steps taken or proposed to be taken by Government to discourage tobacco consumption?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRIMATI RENUKA CHOWDHURY): (a) and (b) Pre-budget representations and proposals for levy of heavy taxes on tobacco products so as to discourage the usage are received by the